राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

–: प्रेस–नोट :–

दिनांक : 24.10.2018

आयोग द्वारा वरिष्ठ अध्यापक (माध्यमिक शिक्षा) प्रतियोगी परीक्षा (Non TSP & TSP), 2018 दिनांक 28.10.2018 व 31.10.2018 को सामान्य ज्ञान का प्रश्न पत्र एक सत्र में प्रातः 10:00 बजे से 12:00 बजे तक एवं दिनांक 29.10.2018, 30.10.2018, 01.11.2018 व 02.11.2018 को ऐच्छिक विषयों के प्रश्न पत्र प्रातः 09:00 बजे से 11:30 बजे एवं 03:00 बजे से सायं 05:30 तक दो–सत्रों में समस्त जिला मुख्यालयों व तहसील स्तर पर आयोजित की जा रही है। उक्त परीक्षा के प्रवेश–पत्र अपलोड कर दिये गये है।

उक्त परीक्षा के ऐच्छिक विषय सामाजिक विज्ञान, गणित, अंग्रेजी, पंजाबी व सिन्धी हेतु सामान्य ज्ञान का प्रश्न पत्र दिनांक 28.10.2018 को एवं ऐच्छिक विषय हिन्दी, विज्ञान, संस्कृत एवं उर्दू हेतु सामान्य ज्ञान का प्रश्न पत्र दिनांक 31.10.2018 को आयोजित किया जाना निश्चित किया गया है।

अभ्यर्थी अपना प्रवेश–पत्र आयोग की वेबसाइट https://rpsc.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध लिंक पर जाकर आवेदन–पत्र क्रमांक (Application No.) व जन्म दिनांक से डाउनलोड कर लेवें। अभ्यर्थी https://sso.rajasthan.gov.in पर लॉगिन कर तथा Recruitment portal का चयन कर भी प्रवेश–पत्र डाउनलोड कर सकते है। अपने परीक्षा केन्द्र पर एक फोटो एवं मूल फोटो पहचान–पत्र अवश्य लेकर परीक्षा समय से दो घण्टा पूर्व उपस्थित होवें। मूल पहचान–पत्र के अभाव में अभ्यर्थी को केन्द्र पर प्रवेश नहीं दिया जावेगा। अभ्यर्थी परीक्षा हेतु जारी आवश्यक अनुदेशों का अवलोकन कर लेवें।

प्रवेश पत्र अपलोड करने के प्रक्रिया में अभ्यर्थी को Overload/Mistake इत्यादि की कोई परेशानी होती है तो वे अभ्यर्थी निम्न अधिकारियों के दूरभाष नंबरों पर सम्पर्क करें ताकि समस्या का समाधान शीघ्र किया जा सके :–

1. श्री सुनील भाटिया, संयुक्त निदेशक, 0145–2635253, 8209786099
2. श्री विनोद ठाड़ा, एनालिस्ट कम प्रोग्रामर, 0145–2635234, 9414666273
3. कन्ट्रोल रूम, राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर – 0145–2635200, 0145–2635212

उक्त दोनों दूरभाष नंबरों पर समस्या का समाधान नहीं होता है तो आप कृपया निम्नांकित अधिकारीगण से दूरभाष नंबर पर सम्पर्क करें :–

1. श्री पी.सी. बेरवाल, सचिव, 0145–2627643, 9414277526
2. श्रीमती दीप्ति शर्मा, संयुक्त सचिव, 0145–2427112, 8890000050

नोट :– अभ्यर्थी प्रत्येक प्रश्न–पत्र हेतु अलग–अलग प्रवेश–पत्र लेकर परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित होवें।

(पी.सी.बेरवाल)
सचिव